अहमदाबाद से प्रकाशित पाक्षिक R.N.I. No. 54975 /1994
Published on 15th & 30th of Every Month
Permited to post on 3rd & 17th every Month at A'bad PSO under postal Reg. No.
GAMC No. 1488/2017 - 2019 - Valid 2017 up to 31-12-2019

Website - http://www.sindhibandhu.com

सिन्धी बन्धु

गुजरात से सर्वप्रथम प्रकाशित हिन्दी पाक्षिक पत्रिका

We are available at

E-mail: sindhibandhu@yahoo.in

E-mail: sindhibandhu@gmail.com

अधिष्ठापक तंत्री - हरिश भागवाणी

वर्ष *25 अंक 05 * दिनांक 30-07-2018 * संपादक: रेशमा भागवाणी * सहसंपादक : निर्मल भागवाणी * पृष्ठ : 4 * किंमत-1.00 * फोन-22822205 मो.:9429518141

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : रेशमा भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया

महाभारत 2019: 480 लोकसभा सीटों पर अकेले चुनाव लड़ सकती है भाजपा, पिछली बार की तुलना में 50 सीटें ज्यादा

नई दिल्ली.अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की रणनीति जहां 250-275 सीटों पर लड़ने की है, वहीं भाजपा ने 450 से 480 सीटों पर चुनाव लड़ने का लक्ष्य तय किया है। पार्टी हाईकमान का स्पष्ट निर्देश है कि 'भाजपा कहीं भी टीम 'बी' बन कर नहीं लड़ेगी। यानी जहां गठबंधन की सरकार है, वहां भी भाजपा गठबंधन पार्टी से ज्यादा या बराबर सीटों पर लड़ेगी। पार्टी कार्यकर्ता इसी सोच के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी करें।'

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने भी पार्टी पदाधिकारियों के साथ हाल ही में हुई बैठक में स्पष्ट किया है कि 450 से 480 सीटों पर चुनाव लड़ा जाना है। पिछले हफ्ते महाराष्ट्र प्रवास के दौरान भी शाह ने पदाधिकारियों के साथ बैठक में प्रदेश की सभी 48 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया था। भाजपा के एक रणनीतिकार ने बताया कि 50 सीटें बढ़ाने की संभावना पार्टी महाराष्ट्र, पंजाब, आंध्रप्रदेश और तमिलनाडु में देख रही है।

2014 में 428 सीटों पर लड़ी थी चुनाव:2014 में भाजपा ने अब तक की सर्वाधिक 428 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। तब उसे 282 सीटों पर जीत मिली थी। 2019 में भाजपा का दक्षिण के राज्य तमिलनाडु पर विशेष फोकस होगा। यहां एआईएडीएमके की नेता जयललिता के निधन के बाद उनकी पार्टी कमजोर हुई है। भाजपा इसका फायदा उठाना चाह रही है। यह भी कयास हैं कि तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल में शायद ही किसी पार्टी से भाजपा चुनाव पूर्व गठबंधन करे। इन राज्यों की करीब-करीब सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की रणनीति तैयार की जा रही है।

गठबंधन वाले इन पांच राज्यों में सीटें बढ़ाना चुनौती

पंजाब: 2014 में पंजाब की 13 में से 3 सीटों पर भाजपा लड़ी थी। ये सीटें अमृतसर, होशियारपुर, गुरदासपुर थी। अब पार्टी आनंदपुर साहिब, जालंधर, लुधियाना सीटों पर भी दावे का मन बना रही है।

उत्तर प्रदेश: सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नेता और योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भाजपा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं अपना दल में दो गुट होने से भी भाजपा को स्थिति मुफीद नहीं लग रही।

बिहार: यहां लोक जनशक्ति पार्टी नेता रामविलास पासवान तो अपनी सीटों को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के नेता उपेन्द्र कुशवाहा दबाव बना रहे हैं। कुशवाहा को यदि तीन से कम सीटें मिलती हैं तो वे गठबंधन छोड़ सकते हैं। वहीं भाजपा कम से कम यहां 20 सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है। बाकी 20 सीट जेडीयू, एलजेपी और आरएलएसपी को देना चाहती है।

महाराष्ट्र:भाजपा ने यहां अकेले चुनाव लड़ने की बात कह दी है। भाजपा और शिवसेना का गठबंधन विधानसभा चुनाव के वक्त ही टूट चुका था। मगर चुनाव बाद दोनों दल साथ आ गए। अब फिर दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ने की बात कह चुके हैं।

आंध्रप्रदेश:विशेष राज्य के मुद्दे पर टीडीपी ने भाजपा का साथ छोड़ा। अब यहां भाजपा अकेले चुनाव लड़ेगी। भाजपा ने यहां संगठन को मजबूत करना शुरू कर दिया है। राष्ट्रीय महासचिव राम माधव को प्रभारी के तौर पर तैनात किया है। चुनाव बाद वाईएसआर कांग्रेस से गठबंधन भी हो सकता है।

अकेले चुनाव लड़ने की रणनीति:पार्टी अधिक से अधिक सीटों पर लड़ने और अपने दम पर बहुमत हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है। सहयोगी दलों के साथ सम्मानजनक समझौता करेंगे। एनडीए के घटक दलों की संख्या भी कम न हो, यह भी प्रयास किया जा रहा है।' - अरुण सिंह, राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा

सुप्रसिद्ध सम्राट नमकीन ®
घर जैसी ही नमकीन
• सींग भुजीया
• बीकानेरी सेव
• लहसुन सेव
• रतलामी सेव
• मुंग दाल
• दालमोठ
• खट्टा-मीठा मीक्ष
• गांठीया
• टमटम
• चना जोरगरम
• बुंदी - तीखी / मोली
• सेव - सादा / नायलोन
• आलुसेव
• चना दाल
• चवाणा - तीखा / मोला
• आलु वेफर-सोल्टेड/मसाला
• केला वेफर- मरी / मसाला
• फरारी चेवडा-तीखा/मोला
SAMRAT NAMKEEN PRIVATE LIMITED
71-74, Phase-2, G.I.D.C., Naroda,
Ahmedabad-382 330, Gujarat, INDIA
Phone : +91 - 79 - 22823328 / 29 / 30 / 31
Fax : +91 - 79 - 22823383
email : info@samratnamkeen.com
web : www.samratnamkeen.com

पीएनबी घोटाला: चौकसी के प्रत्यर्पण पर एंटीगुआ सरकार ने कहा- भारत के किसी भी आवेदन का सम्मान करेंगे

नई दिल्ली/सेंट जोंस.एंटीगुआ सरकार ने कहा है कि भगोड़े व्यवसायी मेहुल चौकसी के प्रत्यर्पण के लिए किसी भी वैध अनुरोध का सम्मान किया जाएगा। एंटीगुआ सरकार के विदेश मंत्री ईपी चेत ग्रीन के हवाले से अखबार द डेली ऑब्जर्वर ने ये बात कही। ग्रीन ने मीडिया से ये भी कहा कि इस संबंध में उन्हें भारत सरकार से किसी भी तरह का आवेदन नहीं मिला है। हालांकि एंटीगुआ सरकार ने ये साफ कर दिया कि प्रत्यर्पण किसी संधि के बाद ही हो पाएगा। चौकसी ने एंटीगुआ की नागरिकता हासिल कर ली है। सीबीआई ने वहां की सरकार से चौकसी के बारे में जानकारी मांगी है।

पीएनबी घोटाले का मास्टरमाइंड मेहुल चौकसी था। उसी ने फर्जीवाड़े की पूरी प्लानिंग बनाई और आयात-निर्यात की आड़ में रकम इधर-उधर की। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई की विशेष अदालत में दाखिल अपनी चार्जशीट में ये आरोप लगाए हैं। चार्जशीट के मुताबिक, रकम के हेर-फेर में जिन कंपनियों का इस्तेमाल किया गया, उनके डायरेक्टर और पार्टनर डमी की तरह थे। सारे फैसले चौकसी लेता था।

कैरेबियन में व्यापार बढ़ाना चाहता है चौकसी : अपने वकील के जरिए दिए गए बयान में चौकसी ने कहा- मैंने कानूनी तौर पर एंटीगुआ और बरबूडा की नागरिकता के लिए आवेदन किया था। कारोबार के विस्तार और 130 देशों में वीजा मुक्त आवाजाही के लिए उसने सिटीजनशिप बाय इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम के तहत आवेदन किया था। चौकसी ने कहा कि जनवरी 2018 में इलाज के लिए अमेरिका जाने की जरूरत पड़ी थी। स्वास्थ्य लाभ की जरूरत को देखते हुए मैंने एंटीगुआ में बसने का फैसला किया।

उमर से मिली ममता, कहा- लोकसभा चुनाव के लिए बन रहे गठबंधन से अभी प्रधानमंत्री उम्मीदवार तय न किया जाए

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। ममता ने कहा, "अगले लोकसभा चुनाव के लिए बन रहे संभावित गठबंधन से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम नहीं होना चाहिए। साथ ही ये नाम अभी तय नहीं किया जाना चाहिए। अगर ऐसा होता है तो क्षेत्रीय पार्टियों की एकता विभाजित हो जाएगी।'' ममता ने ये भी कहा कि भाजपा विरोधी क्षेत्रीय पार्टियों को साथ आना चाहिए और देश के हित में कुर्बानी देनी चाहिए।

2019 के लोकसभा चुनाव के लिए संभावित गठबंधन के लिए उमर अब्दुल्ला कोलकाता में ममता से मिलने पहुंचे थे। मीडिया ने उनसे पूछा कि क्या आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तैयार हो रहे गठबंधन की तरफ से ममता बनर्जी प्रधानमंत्री उम्मीदवार हो सकती हैं, उमर ने कहा, "इस समय विपक्ष की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार चुनना जल्दबाजी होगी। हमारा मकसद है कि सभी क्षेत्रीय पार्टियां साथ आएं और भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर लड़ें। इसके बाद नाम तय कर लेंगे।''

भाजपा तानाशाह जैसा बर्ताव कर रही: अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए ममता विपक्षी पार्टियों को एकजुट करने में लगी हुई हैं। ममता का आरोप है कि भाजपा एक तानाशाह की तरह बर्ताव कर रही है। इसलिए सभी भाजपा विरोधी पार्टियों को एकसाथ आना चाहिए। ममता ने कहा, "हम (भाजपा विरोधी पार्टियां) अब बर्दाश्त नहीं कर सकते। देश के लिए कुर्बानी देने का समय आ गया है। हमें लोगों के लिए लड़ाई लड़नी है। 2019 में हम लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए सरकार बनाएंगे।''

कांग्रेस भी भाजपा विरोधी फ्रंट का हिस्सा: उमर अब्दुल्ला ने कहा, "ऐसी सभी पार्टियां जो भाजपा विरोधी हैं, वो गठबंधन का हिस्सा रहेंगी। इसके लिए कोई शर्त नहीं रखी जाएगी। ममता दी लगातार बंगाल को बचाने और बेहतर बनाने की कोशिश में जुटी हुई हैं। इसके बाद हम उनका इस्तेमाल देश के विकास के लिए करेंगे। अगर इस समय हम प्रधानमंत्री उम्मीदवार की चर्चा करते हैं तो इससे भाजपा को हराने का मकसद प्रभावित होगा। जो पार्टियां फ्रंट का हिस्सा हैं, उनमें कोई विरोध नहीं है। हम सभी एक-दूसरे को सहयोग कर रहे हैं।'' अब्दुल्ला ने कहा कि गठबंधन को फेडरल फ्रंट नाम विपक्षी दलों ने नहीं, मीडिया ने दिया है।

गन्ना किसानों को सौ फीसदी ड्रिप इरिगेशन के लिए करेंगे प्रेरितः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने कहा कि राज्य में गन्ने की फसल में सौ फीसदी ड्रिप इरिगेशन के लिए राज्य सरकार किसानों को प्रेरित करेगी। वे गुरुवार को अहमदाबाद में इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर्स कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) द्वारा आयोजित किसान और सहकारी सम्मेलन में बोल रहे थे।

सम्मेलन में प्रगतिशील कृषकों और सहकारी अग्रणियों का सम्मान करते हुए श्री रूपाणी ने 'किसान सुखी तो गांव सुखी' के ध्येय को साकार करने के लिए राज्य के प्रत्येक किसान को इजरायल की तर्ज पर ड्रिप इरिगेशन की दिशा में आगे बढ़ने की हिमायत की।

उन्होंने कहा कि अब परंपरागत घिसी-पिटी खेत पद्धति के स्थान पर अद्यतन कृषि पद्धति अपनाकर समय के साथ चलने के लिए किसानों को अपनी मानसिकता बदलनी होगी।

श्री रूपाणी ने कहा कि इजरायल जैसे छोटे देश की टपक सिंचाई पद्धति सहित कृषि क्षेत्र की नवीनतम तकनीकों का व्यापक विनियोग गुजरात में केला, गन्ना और धान जैसी फसलों में कर वर्ष २०२२ तक किसानों की आय दोगुनी करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने में गुजरात आगे रहेगा।

मुख्यमंत्री ने अपने हालिया इजरायल दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य के किसानों को कम पानी से अधिकतम पैदावार हासिल करने सहित अद्यतन ज्ञान से रूबरू कराने की मंशा के साथ उन्होंने बतौर मुख्यमंत्री अपने पहले विदेश दौरे के लिए इजरायल का चयन किया।

उन्होंने कहा कि गुजरात के किसानों की भुजाओं में बल है, यदि उसे समुचित मार्गदर्शन और अद्यतन तकनीक का सहारा मिले, तो गुजरात का किसान समूचे देश का पेट भरने में समर्थ है। इजरायली पद्धति, आधुनिक कृषि उपकरणों और नवीन संशोधनों का राज्य की खेती पद्धति में व्यापक विनियोग कर किसान को आर्थिक समृद्धि की ताकत बनाने की मंशा है।

श्री रूपाणी ने किसानों को शून्य फीसदी ब्याज दर पर ऋण देने और किसान के खेत में सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन करने जैसे अनेक आयोजनों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खेत में सौर ऊर्जा से उत्पन्न बिजली को खेती के कार्य में उपयोग में लेने के बाद अतिरिक्त बिजली को बेचकर किसान आर्थिक रूप से सशक्त बन सकता है।

गुजकोमासोल के चेयरमैन और पूर्व कृषि मंत्री दिलीपभाई संघाणी ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए अनेक कार्यक्रम और योजनाएं क्रियान्वित की हैं, जिनका वे लाभ उठाएं।

उन्होंने कहा कि इफको और गुजकोमासोल द्वारा संयुक्त रूप से किसानों को रासायनिक खाद मुहैया कराया जाएगा, जिसका किसानों से कोई चार्ज नहीं लिया जाएगा।

संपादकीय

वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे : एचआईवी से 100 गुना ज़्यादा संक्रामक हेपेटाइटिस-बी, 60 फीसदी मामले मानसून में दर्ज होते हैं, कारण दूषित पानी



हेल्थ डेस्क.हेपेटाइटिस यानी लिवर में सूजन। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने संक्रामक हेपेटाइटिस को एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में चिन्हित किया है। अकेले भारत में ही क़रीब 1 करोड़ से अधिक लोग हेपेटाइटिस-सी से ग्रस्त हैं। यह हेपेटाइटिस वायरस से फैलता है। हेपेटाइटिस के अधिकतर संक्रमित मरीज़ों को पता ही नहीं होता कि वे इस रोग की ज़द में हैं। भारत में हेपेटाइटिस-बी से पीड़ित लोगों की संख्या 4 करोड़ के आसपास है। हेपेटाइटिस-बी एचआईवी की बीमारी से 100 गुना ज़्यादा संक्रामक है। इसके लगभग 60 प्रतिशत मामले मानसून के दौरान दर्ज किए जाते हैं क्योंकि हैपेटाइटिस 'ए' और 'ई' प्रदूषित जल की वजह से होता है। इस मौसम में शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है इसलिए उन लोगों में इससे प्रभावित होने की सम्भावनाएं अधिक हो जाती हैं। हर साल 28 जुलाई को डब्ल्यूएचओ वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे मनाता है।

सवाल: यह कितने प्रकार का होता और संक्रमण के कारण क्या हैं?

जवाब:हेपेटाइटिस कई प्रकार का होता है। इसके फैलने के कारण भी अलग-अलग हैं।

हेपेटाइटिस ए- यह दूषित भोजन और जल से फैलता है।

हेपेटाइटिस बी- संक्रामक रक्त या किसी दूसरे द्रव्य पदार्थों के सम्पर्क में आने पर यह फैल सकता है।

हेपेटाइटिस सी- एचसीवी (हेपेटाइटिस -सी वायरस) के कारण होता है और संक्रमित ख़ून या इंजेक्शन के इस्तेमाल से होता है।

हेपेटाइटिस डी- डी वायरस के कारण होता है। जो पहले से ही हेपेटाइटिस बी से ग्रसित होते हैं वे ही इससे संक्रमित होते हैं। एचडीवी व एचबीवी दोनों के साथ होने पर स्थिति बद्तर हो जाती है।

हेपेटाइटिस ई- अधिकतर प्रदूषित जल और भोजन से फैलता है।

अन्य कारणों में अल्कोहल, विषैली दवाएं और ऑटोइम्यून डिज़ीज़ के कारण भी व्यक्ति इसका रोगी हो सकता है।

सवाल: इसके लक्षण दूसरे इंफेक्शन के कितने अलग हैं और कैसे पहचानें?

जवाब:सामान्यतौर पर यह हेपेटाइटिस वायरस से फैलता है। शराब या दूसरे चिकित्सकीय कारण से भी हो सकता है। एक बार इंफेक्शन होने पर 2 से 4 हफ्तों में ही शुरुआती लक्षण दिखाई देने लगते हैं। हालांकि कुछ परिस्थितियों में 8 हफ़्तों का भी समय लग सकता है। अगर बहुत ज़्यादा थकान और कमज़ोरी लगे, कुछ खाने का मन न करे, मतली-उल्टी आए और बुखार महसूस हो तो डॉक्टर को दिखाएं। मांसपेशियों या शरीर या पेट में में दर्द होना, पेशाब का रंग गहरा होना, त्वचा और आंखों में पीलापन (पीलिया) व त्वचा में खुजली होना इसके मुख्य लक्षण हैं।

वाल: इससे कैसे बच सकते हैं और किन बातों का ध्यान रखें?

जवाब: हेपेटाइटिस 'ए' के लिए वैक्सीन भी उपलब्ध है जिसकी दो ख़ुराक 6-6 महीने के अंतर पर दी जाती है। यह वैक्सीन हेपेटाइटिस 'ए' के खिलाफ़ लगभग 95 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करती है। चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति की वज़ह से आज हमारे पास अंतरराष्ट्रीय तौर पर अनेकों वैक्सीन उपलब्ध हैं। हेपेटाइटिस 'ए' और 'ई' का कोई विशेष उपचार नहीं है और जीवनशैली में सामान्य सावधानियां बरतकर इससे दूर रहा जा सकता है। शरीर को पर्याप्त आराम दें, भोजन में हेल्दी चीजें लें। इसमें उल्टी और डायरिया के कारण हुई तरल पदार्थों की पूर्ति करना भी शामिल है। बाहर का खाना और स्ट्रीट फूड से परहेज़ करें। खाना अच्छी तरह पकाकर ही खाएं। पीने के पानी के स्थान को साफ़ रखें, स्वच्छ पानी पिएं।

मन की बात में मोदी ने कहा- हम सबका दायित्व है कि हम प्रकृति प्रेमी बनें, प्रकृति के रक्षक बनें

नई दिल्ली. नरेंद्र मोदी ने रविवार को 46वीं बार मन की बात की। उन्होंने कहा कि देश के किसी हिस्से में काफी बारिश हो रही है तो कहीं अभी भी लोग बारिश की राह देख रहे हैं। जरूरी है कि हम प्रकृति प्रेमी और रक्षक बनें। मोदी ने कहा कि पिछले दिनों थाईलैंड में 11 खिलाड़ी और एक कोच गुफा में घूमने गए थे। अचानक भारी बारिश के कारण वे गुफा में 18 दिन तक फंसे रहे। इस दौरान दुनियाभर के लोग उनके लिए प्रार्थना कर रहे थे। हर कोई सोच रहा था कि बच्चे कहां हैं। अगर मानसून आ गया तो उन्हें निकालना मुश्किल होगा। वो बाहर आ गए और सब ठीक हुआ। इस पूरे घटनाक्रम को एक और नजरिए से भी देखा जा सकता है कि पूरा ऑपरेशन कैसा चला। हर स्तर पर जिम्मेदारी का जो अहसास था वो अद्भुत था। एक तरफ वो संकट से जूझ रहे थे तो दूसरी तरफ पूरे विश्व में मानवता एकजुट होकर मानवीय गुणों को प्रकट कर रही थी।

मोदी ने कहा, "चाहे सरकार हो, इन बच्चों के माता पिता हों या उनके परिवारजन हों, मीडिया हो, देश के नागरिक हों- हर किसी ने शान्ति और धैर्य का अद्भुत परिचय दिया। सब लोग एक साथ एक टीम की तरह मिशन में जुटे दिखाई दिए। हर किसी का एक संयमित व्यवहार दिखाई दिया। मैं समझता हूं ये सीखने का विषय है। पिछले दिनों हमारे देश के प्रिय कवि नीरज जी हमें छोड़कर चले गए। नीरज जी की विशेषता थी, आशा, भरोसा, दृढसंकल्प, स्वयं पर विश्वास हर बात प्रेरणा दे सकती है। मैं नीरज जी को आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं।''

नई स्किल्स सीखें : मोदी ने कहा, "जुलाई और अगस्त का महीना किसानों और सभी नौजवानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। यही वह समय होता है जब कॉलेज का पीक सीजन होता है। मुझे पूरा यकीन है कि मेरे युवा-मित्र कॉलेज जीवन की शुरुआत को लेकर काफी उत्साही और खुश होंगे। आप सभी से मैं यही कहूंगा कि जीवन में भरपूर आनंद लें, लेकिन नई नई चीजें खोजने की प्रवृत्ति बनी रहनी चाहिए। कुछ नई स्किल्स सीखें।''

दृढसंकल्प से सब हासिल हो सकता है : मोदी ने कहा, "मध्यप्रदेश के अत्यंत गरीब परिवार के आशाराम चौधरी ने जीवन की मुश्किल चुनौतियों को पार करते हुए जोधपुर एम्स की एमबीबीएस की परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की। ऐसे कितने ही छात्र हैं जो गरीब परिवार से हैं और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने कुछ ऐसा कर दिखाया है जो हम सबको प्रेरणा देता है। चाहे वो दिल्ली के प्रिंस कुमार हो या फिर कोलकाता के अभय गुप्ता जिन्होंने पर स्ट्रीट लाइट के नीचे अपनी पढ़ाई की। अहमदाबाद की बिटिया आफरीन शेख हो या नागपुर की बेटी खुशी हो या हरियाणा के कार्तिक या झारखंड के रमेश साहू या फिर गुड़गांव की दिव्यांग बेटी अनुष्का पांडा, जो जन्म से ही स्पाइनल अट्रोफी नामक एक आनुवांशिक बीमारी से पीड़ित है। इन सबने अपने दृढसंकल्प और हौसले से हर बाधा को पार कर कामयाबी हासिल की है। कुछ दिन पहले मेरी नज़र एक ख़बर पर गई, जिसमें लिखा था -'दो युवाओं ने किया मोदी का सपना साकार'। रायबरेली के दो आईटी प्रोफेशनल योगेश साहू और रजनीश बाजपेयी जी ने मेरा चैलेंज स्वीकार किया और एक अनोखा काम किया। दोनों ने अपनी कौशल क्षमताओं का इस्तेमाल कर साथ में काम कर स्मार्ट गांव नाम का ऐप बनाई।''

भाईचारे और प्रेम का संदेश देती है संत परंपरा : मोदी ने कहा, "पंढरपुर महाराष्ट्र के सोलापुर जिले का एक पवित्र शहर है। पंढरपुर वारी अपने आप में एक अद्भुत यात्रा है। इसमें लाखों की संख्या में वारकरी शामिल होते हैं। यह वारी शिक्षा, संस्कार और श्रद्धा की त्रिवेणी है। ज्ञानेश्वर, नामदेव, एकनाथ, रामदास, तुकाराम जैसे अनगिनत संतों की शिक्षाएं आज भी जनसामान्य को शिक्षित कर रही हैं। ये वो लोग थे जिन्होंने समय समय पर समाज को आईना दिखाया। यह सुनिश्चित किया कि पुरानी कुप्रथाएं हमारे समाज से खत्म हों और लोगों में करुणा, समानता और शुचिता संस्कार में आएं।''

इको-फ्रेंडली गणेश उत्सव मनाएं : मोदी ने कहा, "एक अगस्त 1920 को लोकमान्य बालगंगाधर तिलक की पुण्यतिथि है। तिलक जी के प्रयासों से ही सार्वजनिक गणेश उत्सव की परंपरा शुरू हुई। सार्वजनिक गणेश उत्सव परम्परागत श्रद्धा और उत्सव के साथ-साथ लोगों में समरसता और समानता के भाव को आगे बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम बन गया था। इन उत्सवों ने जाति और सम्प्रदाय की बाधाओं को तोड़ते हुए सभी को एकजुट करने का काम किया। इस बार भी आप सभी इको फ्रेंडली गणेश उत्सव मनाएं। हर शहर में इको फ्रेंडली गणेश उत्सव की अलग स्पर्धाएं हों, उनको इनाम दिए जाएं। 23 जुलाई को भारत-मां के एक और सपूत चंद्रशेखर आज़ाद का जन्म हुआ, जिन्होंने अपना जीवन इसलिए बलिदान कर दिया ताकि देशवासी आजादी में सांस ले सके। मैं भारत माता के दो महान सपूतों लोकमान्य तिलक जी और चंद्रशेखर आजाद जी को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं।''

खिलाड़ियों को सलाम : मोदी ने कहा, "अभी कुछ ही दिन पहले फिनलैंड में चल रही जूनियर अंडर-20 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 400 मीटर की दौड़ में भारत की बहादुर बेटी और किसान पुत्री हिमा दास ने गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचा। योगेश कथुनियाजी ने पैरा एथलेटिक्स के डिस्कस थ्रो में ग्रां प्री में स्वर्ण पदक जीता। सुंदर सिंह गुर्जर ने जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीता और विश्व रिकॉर्ड बेहतर किया। मैं सभी को सलाम करता हूं।''

भरूच में गुरु पूर्णिमा का मेला साईं ठाकुर मनीष की देख रेख में मनाया गया

दिल्ली में यमुना खतरे के निशान के ऊपर, 7 इलाकों में बाढ़ का अलर्ट

नई दिल्ली. पिछले चार दिनों से हो रही बारिश और हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लगातार पानी छोड़े जाने की वजह से यमुना का जल स्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। शनिवार सुबह 6 बजे से रात 9 बजे तक हथिनीकुंड बैराज से 6 लाख 25 हजार 12 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस वजह से राजधानी के कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। रविवार सुबह यमुना का जलस्तर 205.65 मीटर दर्ज किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार शाम तक यमुना का जल स्तर 207 मीटर पहुंच सकता है। अगर ऐसा हुआ तो खादर समेत दिल्ली ईस्ट डीएम ने बताया- निचले क्षेत्रों से लगभग 1500 लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया गया है। 10 जगहों पर लोगों के रुकने के लिए 550 टेंट लगाए गए हैं। प्रशासन ने यमुना से लगे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को नदी के पास न जाने की सलाह दी है।

दिल्ली से 200 किलोमीटर दूर है बैराज: हथिनी कुंड बैराज दिल्ली से 200 किलोमीटर दूर हरियाणा के यमुना नगर में है। बैराज से छोड़ा जाने वाला पानी यमुनानगर, करनाल और पानीपत होते हुए दिल्ली पहुंचता है। हथनीकुंड से शनिवार को निकला पानी 48 से 72 घंटे में दिल्ली पहुंचेगा। इस वजह से रविवार शाम तक हालात बिगड़ सकते हैं।

7 इलाके पानी में डूब सकते हैं : खादर, बढी मांडू, उस्मानपुर, मीठापुर, जामिया नगर, कुदेशिया घाट और तिब्बती मार्केट में जलस्तर बढ़ने पर पानी घुस सकता है। हालांकि, अभी यमुना के बाढ़ क्षेत्र में ही पानी का स्तर बढ़ने की बात कही जा रही है। वहीं, खादर क्षेत्र पूरी तरह डूब सकता है। यमुना के आसपास के क्षेत्रों में नाव और गोताखोर तैनात कर दिए गए हैं। किसी भी स्थिति से निपटने को बाढ़ और नियंत्रण सहित सभी विभाग हाई अलर्ट पर हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार देर शाम आपात बैठक बुलाई। इसमें उन्होंने किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने के लिए सेना की मदद लेने पर जोर दिया।

सर्व सिंधी समाज महासभा की भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी का किया गठन

भीलवाड़ा सिंधु नगर स्थित पूजय झूलेलाल मंदिर में 22-07-18 को राखी गयी प्रथम मासिक बैठक में सर्व सिंधी समाज महा सभा के भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष राजकुमार खुशलानी ने कार्यकारिणी के गठन कर घोसणा की जिसमे राजकुमार जी ने सभी नवीन पदधिकारियों को मनोनयन पात्र देकर व मल्यार्पण कर महासभा में स्वागत किया, एवं महासभा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री लता अँगनानी द्वारा गठित सर्व सिंधी समाज महासभा गठन के उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया, वरिष्ठ समाजसेवी श्री भगवान दास नाथ्रानी, उद्धव दास मखीजा ने सभी पदधिकारियों को आशीर्वचन देकर बधाई दी।

जिनकी नीयत साफ नहीं, वे पर्दे के पीछे कारोबारियों से मिलते हैं

लखनऊ.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार पर कारोबारियों को फायदा पहुंचाने के आरोपों का विपक्ष को जवाब दिया। रविवार को यहां 60 हजार करोड़ रुपए की 81 परियोजनाओं की नींव रखी। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों में से नहीं हैं, जो कारोबारियों के साथ फोटो खिंचवाने से डरते हैं। वरना ऐसे भी लोग हैं, जिनकी उद्योगपतियों के साथ तस्वीरें तो नहीं हैं, लेकिन ऐसा कोई उद्योगपति नहीं, जिसने उनके घर पर दंडवत न किया हो। जिन लोगों की नीयत साफ नहीं होती, वे पर्दे के पीछे कारोबारियों से मिलते हैं। मोदी ने कहा- यहां बैठे अमर सिंह जी उनकी सारी हिस्ट्री निकाल देंगे। विपक्ष खासकर राहुल गांधी आरोप लगाते रहे हैं कि कि मोदी और उनकी सरकार 10 से 12 उद्योगपतियों के लिए काम करती है। मोदी ने कहा, ''देश को बनाने में कारोबारियों की किसानों जैसी भूमिका है। जब नीयत साफ और इरादे नेक हों तो किसी के साथ खड़े होने और तस्वीर खिंचवाने में डर नहीं। महात्मा गांधी का जीवन इतना पवित्र था कि बिरला जी के साथ खड़े होने में कभी उन्हें संकोच नहीं हुआ। वे उनके घर जाकर रुकते थे। लेकिन, जिन लोगों की मंशा साफ नहीं होती और वे पर्दे के पीछे मुलाकात करते हैं।''

गलत काम करने वाले कारोबारी जेल जाएंगे :मोदी ने कहा, ''देश को बनाने में जैसे किसान, कारीगर, मजदूर, कर्मचारियों की भूमिका होती है, वैसे ही उद्योगपतियों की भी है। हम उन्हें चोर-लुटेरा कहेंगे, उन्हें अपमानित करेंगे, ये कौन सा तरीका है। लेकिन जो गलत करेगा, उन्हें या तो देश छोड़कर भागना पड़ेगा या जेल में जाना होगा।''

मोबाइल प्रोडक्शन में भारत दूसरे स्थान पर :मोदी ने कहा, ''आज सर्विस की तेज डिलिवरी में डिजिटल इंडिया अहम भूमिका निभा रहा है। टिकट बुकिंग, बिजली बिल, टेलीफोन बिल, आधार जैसी कई सेवाओं के लिए लोग चक्कर लगाने के लिए मजबूर नहीं हैं। आईटी इंडस्ट्री सालों से हमारी ताकत रही है। आज आईटी एक्सपोर्ट रिकॉर्ड स्तर पर है। 40 लाख लोग इस इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं। फिर भी यह सिर्फ शहरों में सीमित रह गई। आज मोबाइल की कीमतें घटने से इन योजनाओं का प्रसार हो रहा है। भारत दुनिया के लिए मोबाइल प्रोडक्शन का हब बन रहा है। हम इस मामले में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।''

सिंधी साहित्य अकादमी, गांधीनगर ने दिए गौरव और युवा पुरुष्कार

सिंधी साहित्य अकादमी, गांधीनगर के माननीय अध्यक्ष श्री विष्णु पंड्या जी ने गौरव पुरुष्कार और युवा पुरुष्कार की गोश्ना की.

****

साहित्य गौरव पुरुष्कार 2018 - श्री मोतीराम रामचंदाणी

युवा गौरव पुरुष्कार 2018 - श्री मुकेश तिलोकाणी

गांधी जीवन से जुड़े स्थलों का ढांचागत विकास किया जाएगाः मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की १५०वीं जयंती के आगामी २ अक्टूबर से शुरू होने जा रहे राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों में गुजरात गरिमामय कार्यक्रमों के जरिए गांधी मूल्यों को चिरंजीव बनाएगा।

गुरुवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में आयोजित गांधी जी की १५०वीं जयंती मनाने को गठित राज्यस्तरीय समिति की पहली बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने यह बात कही।

इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि गांधी जी की १५०वीं जयंती मनाने में उनकी जन्मभूमि गुजरात की विशेष जिम्मेदारी बनती है, जिसे अनेक रचनात्मक कार्यक्रमों के आयोजन से हमें पूरा करना है।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल, मंत्रीगण गणपतसिंह वसावा, ईश्वरभाई परमार, प्रदीपसिंह जाडेजा, राज्य सरकार के वरिष्ठ सचिव, गांधी जीवन और विचार मूल्यों के साथ कार्यरत सेवा संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

श्री रूपाणी ने कहा कि गांधी जी के जन्म से लेकर उनके राष्ट्रपिता बनने तक जो स्थल गुजरात में उनके जीवन-कवन से जुड़े हैं, उनका अवसंरचनात्मक विकास करने का हमारा आयोजन है ताकि अधिकाधिक लोग उन स्थलों पर आएं।

उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र दोनों सरकारें गांधी जी की १५०वीं जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। गांधी के गुजरात में हम मुख्य रूप से तीन बातों का कार्यआयोजन कर इसे मनाएंगे। कार्यक्रमों में व्यापक स्तर पर लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने वर्तमान स्थिति में गांधी जी के विचारों की प्रासंगिकता को दर्शाने वाले कार्यक्रमों के जरिए युवा पीढ़ी को गांधी शाश्वत मूल्यों की तरफ प्रेरित करने का वातावरण बनाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय बैठक में आने वाले सुझावों पर विचार-विमर्श कर कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गांधी विचार मूल्यों से जुड़ी हुई सेवा संस्थाएं भी १५०वीं गांधी जयंती उत्सव में योगदान दें और नवीन विचारों के साथ आगे आएं, तो राज्य सरकार योग्य प्रोत्साहन-सहायता देगी।

उप मुख्यमंत्री श्री नितिनभाई पटेल ने कहा कि गांधी जी का व्यक्तित्व और कृतित्व ऐसा है कि वे सभी को अनेक तरह से विभिन्न परिप्रेक्ष्यों में नियमित तौर पर याद आते हैं।

श्री पटेल ने कहा कि नई पीढ़ी में गांधी विचारों का संवर्धन करने और उस पीढ़ी को गांधी जीवन दर्शन के प्रति तेजी से आकर्षित करने वाले कार्यक्रम में सभी को साथ मिलकर भाग लेना चाहिए। उप मुख्यमंत्री ने गांधी विचार को सामाजिक जीवन में अधिक सुदृढ़ और उपयुक्त बनाने के आशय से कार्यक्रमों को लोकभोग्य बनाने की आवश्यकता जताई।

हितेश दादवाणी

(MDRT Agent SBI Life Insurance)

- General Insurance
- Life Insurance
- Child Education
- Retirement Planning
- Mutual Fund
- Home Loan
- Business Loan

SBI Life INSURANCE With Us. You're Sure

A-408 4th FLOOR DEVARSHI SHINE, NEAR KAILASH ROYAL, NANA CHILODA, AHMEDABAD-382330

मो. 7600026137

मालिक - मुद्रक -प्रकाशक-संपादक : हरिश भागवाणी ने लता ग्राफिक्स-२०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद से प्रिन्टींग कर के २०, सर्जन बंग्लोझ, पार्श्वनाथ टाउनशीप, केनाल के पास, कृष्णनगर, अहमदाबाद-३८२३४६ से प्रकाशित किया